हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 8 जून 2026

[ नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 योग दिवस मनाने के लिए आयोजित की बैठक



07 नगर में प्रशासन का विशेष अतिक्रमण हटाओ...



## खबर संक्षेप

### रोजगार मेले के आयोजन हेतु सौंपे गए दायित्व

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक, युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 11 जून 2026 को शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय नर्मदापुरम में किया जाएगा। तत्संबंध में कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा रोजगार मेले के सुचारु आयोजन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंप उनकी ड्यूटी लगाई गई है।

### जल उत्सव एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**नर्मदापुरम।** हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से शासन द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन जिले में सतत रूप से किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच से प्रारंभ हुए इस अभियान में नर्मदापुरम जिला मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में एक सशक्त सहभागी के रूप में उभर रहा है। जिले में 93 प्रतिशत से अधिक योजनाओं का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा शेष कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण करने हेतु निरंतर कार्यवाही जारी है।

### जेडआरयूसीसी सदस्य राजा तिवारी ने डीआरएम को लिखा आवेदन पत्र

# समस्या विकास की: पहली बारिश में गरीबी लाइन अंडरब्रिज बना समंदर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मानसून की अभी ठीक से शुरुआत भी नहीं हुई है, लेकिन रेलवे प्रशासन के दावों की पोल पहली ही बारिश ने खोलकर रख दी है। शहर के सबसे व्यस्ततम मार्गों में से एक गरीबी लाइन अंडरब्रिज बीती रात हुई शुरुआती बारिश में ही पूरी तरह जलमग्न हो गया।

अंडरब्रिज में करीब दो फीट पानी भर जाने के कारण क्षेत्रवासियों और राहगीरों का आवागमन में परेशानी हो रही है। इस गंभीर समस्या को लेकर जेडआरयूसीसी सदस्य पश्चिम मध्य रेलवे सदस्य राजा तिवारी ने सीधे मंडल रेल प्रबंधक भोपाल को पत्र लिखकर रेलवे की कार्यप्रणाली पर कड़े सवाल उठाए हैं। हालाकि रेलवे विभाग द्वारा मेंटनेंस पर लाखों रूपये खर्च किये जाते है जो अनुपयोगी हो गये हैं।

पहली ही बारिश ने खोलकर रख दी है। गरीबी लाइन में अंडरब्रिज बीती रात हुई शुरुआती बारिश में ही पूरी तरह जलमग्न हो गयी।



#### रेलवे का पंपिंग सिस्टम हुआ फेल

डीआरएम भोपाल को भेजे गए पत्र में राजा तिवारी ने क्षेत्रवासियों की तकलीफों को प्रमुखता से रेखांकित किया है। उन्होंने बताया कि अंडरब्रिज में जलभराव की यह समस्या कोई नई नहीं है। रेलवे प्रशासन द्वारा हर साल बारिश के दिनों में पानी निकालने के लिए पंप लगाने जैसी वैकल्पिक व्यवस्था की जाती है, लेकिन यह जुगाड़ तकनीक हर बार की तरह इस बार भी पूरी तरह असफल साबित हुई है। पंप चालू होने के बावजूद ब्रिज में लगातार जलभराव बना रहता है, जिससे राहगीर जान जोखिम में डालकर निकलने को मजबूर हैं।

#### अंडरब्रिज की बदहाली का सच

**पहली बारिश में खुला ढोंग :**
अभी प्री-मानसून की मामूली बारिश हुई है, तब यह हाल है। यदि मूसलाधार बारिश शुरू हुई, तो इस अंडरब्रिज का संपर्क शहर से पूरी तरह कट जाएगा।

**जान जोखिम में डाल रहे राहगीर :**
अंडरब्रिज में पानी भरने के कारण दुपहिया वाहन चालक आए दिन बंद हो रहे हैं, वहीं पैदल यात्रियों और बुजुर्गों का निकलना दूभर हो चुका है।

**स्थायी समाधान की मांग :**
जेडआरयूसीसी सदस्य ने रेल प्रबंधक से अनुरोध किया है कि इस बार खोखले दावों और अस्थायी पंपों के भरोसे बैठने के बजाय, क्षेत्रवासियों के हित में कोई स्थायी तकनीकी समाधान किया जाए ताकि जनता को इस नारकीय स्थिति से मुक्ति मिल सके।

#### हर साल फूंके जाते हैं मेंटनेंस पर लाखों रुपए

हर साल लाखों रुपये मेंटेनेंस और ड्रेनेज के नाम पर फूंकने वाला रेलवे प्रशासन गरीबी लाइन अंडरब्रिज की इस बीमारी का इलाज ढूंढने में नाकाम रहा है। अब देखना यह है कि जेडआरयूसीसी सदस्य के इस पत्र के बाद भोपाल रेल मंडल के आला अधिकारी नींद से जागते हैं या इटारसी की जनता को इस पूरे मानसून में इसी तरह जलभराव के दलदल में डूबना पड़ेगा।

## अवैध रेत खनन व परिवहन पर प्रशासन ने की सख्त कार्रवाई

### 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्तकर प्रकरण पंजीबद्ध किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सतत जारी है। इसी क्रम में ग्राम डोंगरवाडा, तहसील नर्मदापुरम में प्राप्त शिकायत के आधार पर पुलिस एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा आकस्मिक जांच की गई। जांच के दौरान 03 ट्रैक्टर-ट्रॉली रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते पाए गए, जिन्हें मौके पर जप्त कर पुलिस थाना देहात नर्मदापुरम की अभिरक्षा में रखा गया है।

उक्त वाहनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी

### सीवरेज कार्य से क्षतिग्रस्त सड़क की शिकायत पर तत्काल हुआ सुधार कार्य

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर मिश्रा द्वारा जिले के नागरिकों की समस्याओं पर त्वरित संज्ञान लिया जा रहा है तथा आमजन की शिकायतों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। अब नागरिकों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि वे अपनी समस्याएं सीधे कलेक्टर श्री मिश्रा के समक्ष रख रहे हैं, जिन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाते हैं।

## राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य पहुंचे चित्रगुप्त मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त प्रियंक कानूनगो बुधवार को कोरीघाट स्थित चित्रगुप्त मंदिर पहुंचे । इस दौरान अखिल भारतीय कायस्थ मातृशक्ति ने उनका स्वागत और सम्मान किया। कानूनगो ने चित्रगुप्त मंदिर में पूजन अर्चना की और समाज के लोगों को संबोधित किया। इस दौरान मानव अधिकारों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान अखिल भारतीय कायस्थ मातृशक्ति ने कानूनगो का पुष्प हार से स्वागत कर चित्रगुप्त देव पट्टिका भेंट की। इस मौके पर ज्योति वर्मा, प्रीति खरे, ऊषा वर्मा, ज्योति वर्मा, मंजू श्रीवास्तव, प्रिया श्रीवास्तव, आशा राजपूत, श्रध्दा यदु जानकी, गुनगुन खरे अनीता वर्मा विजय वर्मा, सी बी खरे, सुनिल राय आदि मौजूद रहे।

## नगर पालिका मानसून पूर्व नगर के बड़े नाले नालियों का सफाई अभियान प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मानसून के पूर्व नगर के बड़े नाले नालियों का सफाई अभियान नगरपालिका द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है। विगत तीन दिनों से चल रहे विशेष स्वच्छता अभियान के दौरान इंदिरा चौक के पीछे वाले नाले की जेसीबी के माध्यम से सफाई की गई। जिसमें भारी मात्रा में कचरा निकाला गया।

बाजार क्षेत्र में चल रहे स्वच्छता अभियान को लेकर व्यापारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की। प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक कमलेश



तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले एवं स्वच्छता प्रभारी दीक्षा तिवारी के निर्देशन में मानसून पूर्व नगर के बड़े नाले नालियों का स्वच्छता अभियान प्रारंभ कर दिया गया है।

रविवार को इंदिरा चौक के पीछे वाले नाले नालियों को पोकलेन की मदद से साफ किया गया। साथ ही स्थानीय नागरिकों से आग्रह किया गया है कि जिस किसी ने भी नाले नालियों पर अतिक्रमण किया है वह स्वयं ही अपने अतिक्रमण हटा लें। अन्यथा पोकलेन की मदद से हटा दिया जाएगा।

## प्रतिभाओं के सम्मान से गूंजा कुर्मी समाज का महाकुंभ, मंत्री बोले, नाम के साथ लिखें 'कुर्मी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

साईं कृष्णा रिसोर्ट रविवार को उस समय सामाजिक गौरव और उत्साह का केंद्र बन गया, जब चौरसिया कुर्मी समाज महासंघ ने तीसरे प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। खचाखच भरे सभागार में शिक्षा, खेल और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले करीब 300 छात्र-छात्राओं एवं युवा प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ समाजजनों का सम्मान भी किया



गया, जिससे समारोह भावनात्मक और प्रेरणादायी बन गया।

कार्यक्रम की शुरुआत लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। समारोह में मेधावी विद्यार्थियों, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में समाज का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं को मंच पर सम्मानित किया गया। बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों का मन मोह लिया।

## सुरीला नर्मदापुरम के 50वें सप्ताह में गूंजे सुरों के रंग, कलाकारों ने बिखेरी निराली छटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राजनीतिक क्रांति नर्मदापुरम नर्मदापुर युवा मंडल द्वारा प्रत्येक रविवार को नेहरू पार्क में आयोजित किए जाने वाले लोकप्रिय संगीत कार्यक्रम सुरीला नर्मदापुर म का सफर लगातार 50 वें सप्ताह से जारी है। रविवार को कार्यक्रम का 50 वां सप्ताह उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान 40 से अधिक स्थानीय संगीत कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने फिल्मी गीत, भजन, ग़ज़ल एवं सुगम संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिनका उपस्थित संगीत प्रेमियों ने




भरपूर आनंद लिया। कलाकारों की मधुर आवाज़ और उत्कृष्ट प्रस्तुति से नेहरू पार्क का वातावरण देर शाम तक सुरमय बना रहा। समिति के सदस्यों ने बताया कि पिछले 50 सप्ताहों से लगातार आयोजित हो रहा यह कार्यक्रम स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ शहर की सांस्कृतिक गतिविधियों को भी नई पहचान दे रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी, वरिष्ठ नागरिक, युवा एवं परिवारजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में हरीश मांझी ने उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया गया तथा आने वाले सप्ताहों में भी इसी प्रकार संगीत की स्वर लहरियां शहरवासियों तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

## विश्व पर्यावरण दिवस: पत्रकार संघ ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बढ़ते तापमान की तपिश सूखते जलस्त्रोत और बेपटरी होते मौसम के मिजाज के बीच दुनिया भर में 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया गया । धरती को एक बार फिर हरा-भरा बनाने और प्रकृति के साथ तालमेल बिठाने के महासंकल्प के साथ नर्मदा पुरम में नर्मदांचल पत्रकार संघ ने पौधारोपण किया। संघ के अध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी के मार्गदर्शन में सदर बाजार के देवा माई रामजी बाबा समाधि और टेलीफोन एक्सचेंज के सामने पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। इस दौरान पौधे लगाकर उन्हें सींचा गया। इसके साथ ही संघ के अध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा कि धरती हरी



भरी रहेगी तो हमारी सांसे चलती रहेंगी। उन्होंने पौधे लगाकर उनकी रक्षा करने और देखभाल करने का भी आव्हान किया । उन्होंने कहा कि हर एक व्यक्ति को पौधा लगाना चाहिए और उसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए।

## सड़क मार्ग अवरूद्ध कर व्यवसाय करने वालों को निर्धारित स्थान पर पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में रविवारीय हाट के दौरान नगर की सड़कों का अवरूद्ध करने वाले व्यवसाय करने वाले लोगों को निर्धारित स्थानों पर पहुंचाने की कार्रवाई अलसुबह से शुरू कर दी गई थी। बाहर से आने वाले सब्जी विक्रेता, फल विक्रेताओं के वाहनों को वापस कोठी बाजार स्थित सब्जी बाजार में पहुंचाया गया। साथ ही सड़क पर डाली गई लाइन के अंदर ही बैठककर व्यवसाय करने के निर्देश दिए गए। एआरआई ब्रजेश सारवान ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देशन में नगर की सड़कों को अवरूद्ध कर



व्यवसाय करने वालों को निर्धारित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है।

आज रविवारीय हाट होने के कारण बाहर से लोग आते हैं जो सड़कों पर अपना व्यवसाय शुरू कर देते हैं। जिससे आवागमन बाधित होता है। ऐसे लोगों को कोठी बाजार स्थित सब्जी बाजार में पहुंचाया गया। साथ ही पुलिस लाइन के सामने, बीएसएनएल चौराहे और नेहरू पार्क के सामने वाले क्षेत्र से फल एवं सब्जी विक्रेताओं को हटाया गया। साथ ही उन्हें समझाइश भी दी गई।

## विश्व साइकिल दिवस: संडेज ऑन साइकिल रैली आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर बनखेड़ी जनपद पंचायत प्रांगण में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। संडेज ऑन साइकिल अभियान के तहत आयोजित इस रैली में सामूहिक सहभागिता और जनभागीदारी के साथ स्वस्थ, फिट एवं सक्रिय भारत के निर्माण का संदेश दिया गया। रैली जनपद पंचायत कार्यालय के प्रांगण से प्रारंभ होकर आईडीएफसी बैंक, बाचावनी तिगड्डा होते हुए पुनः जनपद पंचायत प्रांगण पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर जनपद सीईओ रीना कुमारीया के नेतृत्व में समस्त जनपद स्टाफ, शिक्षकगण एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर में कथा शुरू हुई

## कथा लोक कल्याणकारी है: शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

तुलसी चौक स्थित श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर में रविवार से अधिक मास की आखिरी चतुर्थ श्रीराम कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। सुबह लकड़गंज स्थित श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर से विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जिसके बाद दोपहर में यजमान अशोक गुप्ता एवं परिवार द्वारा व्यास पूजन के साथ 'कथा रघुनाथ की' प्रारंभ हुई।

शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद के शिष्य व नर्मदा अंचल के प्रख्यात प्रवचनकर्ता आचार्य नरेंद्र शास्त्री ने कथा को विस्तार देते हुए कहा कि रघुनाथ की कथा लोक कल्याणकारी है। गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरितमानस का अध्ययन



हम सभी को करना चाहिए। तुलसीदास जी ने कथा के प्रारंभ में दुष्टों सहित सभी की वंदना की है। आचार्य श्री ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन हमें व्यावहारिक जीवन जीने की शिक्षा देता है। राजपरिवार में जन्म लेने के बाद भी उन्होंने सहर्ष वनवास स्वीकार किया, क्योंकि इसके पीछे आसुरी शक्तियों का वध करना निहित था। कथा के प्रथम दिन उन्होंने शिव-सती विवाह और राजा दक्ष के यज्ञ की कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि भगवान शिव के मना करने पर भी सती पिता के घर गईं और अपमानित होने पर उन्हें यज्ञ की आहुति में समाना पड़ा। सात दिवसीय इस कथा में प्रभु श्रीराम के जन्म से लेकर राज्याभिषेक तक के प्रसंगों का रसपान कराया जाएगा।

### कथा में प्यासे बनकर आएं तो बहुत देगी भागवत: पं. तिवारी

**नर्मदापुरम।** शहर के ग्वालटोली



स्थित नुक्कड़ चौक में पुरषोत्तम मास के अवसर पर चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण के द्वितीय दिवस कथा में अमर कथा और शुकदेवजी के जन्म का वृतांत का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा वाचक पंडित तरुण तिवारी ने कथा की शुरुआत करते हुए कहा कि आप सब पर ठाकुर जी की कृपा है। कथा में यह भी बताया की अगर आप भागवत कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैं, कुछ सीखना चाहते है तो कथा में प्यासे बन कर आए, कुछ सीखने के उद्देश्य से, कुछ पाने के उद्देश्य से आएं, तो ये भागवत कथा जरूर आपको कुछ नहीं बल्कि बहुत कुछ देगी। मनुष्य जीवन विषय वस्तु को भोगने के लिए नहीं मिला है।

## इटारसी में लेह के सिंधु घाट पर 'सिंधु महोत्सव' संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारतीय सिंधु सभा के तत्वावधान में बीते शनिवार को लेह के चोगलमसर स्थित पवित्र सिंधु नदी के तट पर 'सिंधु दर्शन महोत्सव' का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देशभर से आए लगभग 480 श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में लद्दाख के मुख्य सचिव आशीष कुंद्रा मुख्य अतिथि, लेह के डिप्टी कमिश्नर रोमिल सिंह विशिष्ट अतिथि और राष्ट्रीय सोवा रिगपा संस्थान के निदेशक पद्मश्री डॉ. पद्मा गुरमीत कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में शामिल हुए। महोत्सव की शुरुआत हवन-यज्ञ से हुई। इसके बाद भगवान झूलेलाल जी के पवित्र बहिराणा साहिब की पूजा-अर्चना की गई।

इस बहराणा साहिब का निर्माण इटारसी की झूलण सेवा समिति संस्थापक गोपाल सिद्धवानी, संरक्षक महेश नंदवानी, अभिनेता राहुल चेलानी और सौरभ शिवनानी द्वारा किया गया था। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने सिंधु नदी के तट पर विश्व कल्याण की प्रार्थना की।

## खबर संक्षेप



### पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर निकली साइकिल रैली

**बैतूल।** जिला पंचायत द्वारा पर्यावरण संरक्षण पखवाड़े के तहत विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को ग्राम पंचायत कढ़ाई में संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से फिट इंडिया अभियान एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उपस्थित रही। इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री धुर्वे ने कहा कि साइकिल का नियमित उपयोग स्वास्थ्य संवर्धन के साथ-साथ प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है।

### पर्यावरण संरक्षण दिवस पर आयोजन

**सारणी।** रेड स्पोर्ट्स एमपी द्वारा आयोजित समर कैम्प में रविवार को पर्यावरण संरक्षण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर अभिभावकों ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए प्रकृति के प्रति जागरूक रहने और अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और आने वाली पीढियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए।

### क्रिकेट स्टेडियम के लिए नपा तलाश रही नई जमीन

# योजना में बदलाव: प्रस्तावित स्थान मापदंडों के अनुरूप नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम के लिए नगरपालिका ने नई जमीन की तलाश शुरू कर दी है। पहले स्टेडियम उत्कृष्ट स्कूल परिसर में बनाया जाना था, लेकिन यह स्थान तय मापदंडो के अनुरूप नहीं है। जिसकी वजह से नये स्थान की तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि स्टेडियम निर्माण के लिए शहर के आसपास के कुछ जमीन देखें भी हैं। जिनमें से कोई एक जमीन फाइनल करके जल्द ही काम शुरू किए जाने की संभावना भी है।

दरअसल आदिवासी बाहुल्य बैतूल जिले की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने बैतूल में राष्ट्रीय स्तर के स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाई है। इसके पहले चरण में राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम एवं सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का निर्माण होना है। क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण 4.50 करोड़ रुपये की लागत से होना है। जिसके लिए टेंडर भी दिसंबर माह में हो चुका है। जल्द ही इसका भूमिपूजन करने की तैयारी भी थी, लेकिन इसी बीच यह बात सामने आई है कि स्टेडियम के लिए जो जगह चुनी गई है, वह निर्धारित मापदंडों से काफी कम है। यही कारण है कि अब नई जगह की तलाश जोर-शोर से की जा रही है।

#### यह हैं स्टेडियम के लिए मानदंड

राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम के लिए जो मापदंड तय है, उनके अनुसार स्टेडियम का व्यास (डायमेंशन) 137 से 150 मीटर होना चाहिए। पिच की लंबाई 22 गज और चौड़ाई 10 मीटर हो। सेंटर से बाउंड्री की लंबाई 59 से 82 मीटर होनी चाहिए। इन मापदंडों के आधार पर बने स्टेडियमों में ही राष्ट्रीय स्तर के मैच किए जा सकते हैं। अभी क्रिकेट स्टेडियम के लिए जो जगह चुनी गई है, वहां पर व्यास 90 मीटर ही आ रहा है। इसके अलावा दर्शक क्षमता भी मात्र 1000 लोगों की रहेगी। जाहिर है कि यह मापदंडों से बेहद कम है। इससे प्रादेशिक या राष्ट्रीय स्तर के मुकाबले इस स्टेडियम में बिल्कुल नहीं कराए जा सकेंगे।

#### दस हजार दर्शकों की क्षमता होगी

नगरपालिका का कहना है कि बैतूल में बनने वाला क्रिकेट स्टेडियम राष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुरूप तैयार किया जाएगा। प्रस्तावित स्टेडियम में मैदान का व्यास 137 मीटर से 150 मीटर तक रखा जाएगा, जबकि बाउंड्री की दूरी पिच के केंद्र से 65 से 90 मीटर के बीच होगी। इसके अलावा लगभग दस हजार दर्शकों की क्षमता वाली दर्शक दीर्घा भी विकसित की जाएगी। यही कारण है कि अब 7 से 8 एकड़ जमीन की आवश्यकता बताई जा रही है। नई जमीन की तलाश शहर के आसपास के क्षेत्रों में की जा रही है। जानकारी के मुताबिक शहर से सटे तितली चौराहा, जामठी, गौठाना ट्रेंचिंग ग्राउंड सहित अन्य स्थानों पर जगह देखी गई है। इनमें से जहां भी उपयुक्त जगह पाई जाएगी, वहां निर्माण किया जाएगा।

#### तलाश कर रहे हैं

उत्कृष्ट स्कूल मैदान में बनने वाला स्टेडियम मानकों अनुरूप काफी छोटा हो जाएगा। शहर में राष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम बने, इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं और नई जगह भी तलाश कर रहे हैं, ताकि यह स्टेडियम जिले के लिए बड़ी उपलब्ध हो सके।

**नवनीत पांडे**, सीएमओ नगरपालिका बैतूल।

#### स्थान बदलने से नई ड्राईंग और डिजाइन करना होगा तैयार

स्टेडियम का स्थान बदलने के कारण अब परियोजना की नई ड्राईंग और डिजाइन तैयार करनी होगी। वहीं परियोजना को शुरू होने में पहले की तुलना में अधिक समय लग सकता है। वैसे खेल संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा मांग की जा रही थी कि स्टेडियम का निर्माण मापदंडों के अनुरूप किया जाए, भले ही किसी अन्य जगह पर बनाना पड़े। यहीं वजह है कि गौठाना स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड की जमीन को भी नगरपालिका विकल्प के रूप में देख सकती है। वर्तमान में इस स्थान पर शहर का कचरा डंप किया जा रहा है, लेकिन यदि ट्रेंचिंग ग्राउंड को प्रस्तावित ग्राम कढ़ाई में पूरी तरह स्थानांतरित कर दिया जाता है तो नगरपालिका को शहर के भीतर ही करीब 10 एकड जमीन उपलब्ध हो सकती है।

#### स्टेडियम के लिए हो चुके हैं टेंडर

उल्लेखनीय है कि स्टेडियम निर्माण के लिए टेंडर भी हो चुके हैं और वर्क ऑर्डर भी जारी हो चुके हैं। जगह उपयुक्त होती तो अभी तक काम भी चालू हो चुका होता। इस क्रिकेट स्टेडियम में प्रशासनिक सह पेवेलियन भवन, बाउंड्रीवॉल, फेसिंग रिटेनिंग वॉल, कल्वर्ट, एंट्री गेट, आरसीसी ड्रेनेज, शौचालय, रेस्ट रूम, आरसीसी रोड, पार्किंग एरिया, क्रिकेट फील्ड, इलेक्ट्रिफिकेशन, स्टेडियम सीटिंग चेयर सहित अन्य निर्माण कार्य एवं व्यवस्थाएं की जाएंगी। इधर शहर के क्रिकेट प्रेमियों का कहना है कि क्रिकेट स्टेडियम शहर के भीतर ही बने तो ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी और खेल प्रेमी उसका उपयोग कर सकेंगे। नगर पालिका चूंकि ट्रेंचिंग ग्राउंड को कढ़ाई में शिफ्ट कर ही रही है। वहां 10 एकड़ जमीन भी नपा की उपलब्ध है। इसलिए यदि वहां पर क्रिकेट स्टेडियम बना दिया जाएं तो यह सबसे बेहतरीन निर्णय होगा।

### किसी और की तलाश में थे आरोपी

## युवक की पीट-पीटकर हत्या, आरोपी फरार, शक में दूसरे को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



झल्लार थाना क्षेत्र में कथित मारपीट के बाद 19 वर्षीय युवक गोलू कासदेकर (कासदे) पुत्र विसराम कासदे की मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, 5 जून की रात करीब 11.30 बजे गोलू चांदू पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने गया था। इसी दौरान कुछ लोगों ने उसे रोक लिया।

आरोप है कि कुछ युवकों ने किसी अन्य विवाद के शक में गोलू के साथ लकड़ी और डंडों से मारपीट की। बताया जा रहा है कि आरोपी किसी अन्य व्यक्ति की तलाश कर रहे थे, लेकिन शक के आधार पर उन्होंने गोलू को निशाना बना लिया। मारपीट में गंभीर रूप से घायल गोलू को पहले जिला अस्पताल बैतूल लाया गया। हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उसे नागपुर रेफर कर दिया। परिजन उसे इलाज के लिए नागपुर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद शव को वापस बैतूल लाया गया। रविवार को जिला अस्पताल बैतूल में युवक का पोस्टमार्टम किया गया। अस्पताल परिसर में बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामीण मौजूद रहे। परिजनों का आरोप है कि गोलू की मौत मारपीट के दौरान आई गंभीर चोटों के कारण हुई। उनका कहना है कि उसका किसी से कोई विवाद नहीं था और वह मजदूरी कर परिवार का सहारा था। मृतक के परिजनों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की है। घटना के बाद गांव और आसपास के क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। झल्लार थाना प्रभारी वाहिद खान ने बताया कि युवक की मौत के बाद जिला अस्पताल में मर्ग कायम किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य दस्तावेज प्राप्त होने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस को विवाद की प्रारंभिक जानकारी मिली है और संभावित आरोपियों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। साथ ही घटना स्थल और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज जुटाने का प्रयास किया जा रहा है।

## फॉर्मर आईडी एवं ई-टोकन प्रणाली पर किसानों को दी जानकारी

**बैतूल।** कृषि विभाग द्वारा जिले के विभिन्न विकासखंडों में किसानों को फॉर्मर आईडी, ई-टोकन विकास प्रणाली तथा प्राकृतिक खेती संबंधी जानकारी प्रदान करने के लिए रविवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। विकासखंड घोड़ाडोंगरी की ग्राम पंचायत पाढर में आयोजित फॉर्मर आईडी शिविर में किसानों को ई-टोकन विकास प्रणाली के माध्यम से खाद प्राप्त करने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में उपस्थित किसानों को खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत संतुलित उर्वरक उपयोग, प्राकृतिक खेती, अंतर्वर्तीय फसल पद्धति तथा बुवाई की वैज्ञानिक विधियों के संबंध में भी जागरूक किया गया। इसी प्रकार विकासखंड भीमपुर के ग्राम भीमपुर में किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए तथा प्राकृतिक खेती अपनाने के लाभों की जानकारी दी गई। साथ ही किसानों को ई-विकास प्रणाली के माध्यम से खाद उठाव की प्रक्रिया से विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों में जुटा आयुष विभाग

### जनप्रतिनिधियों को दिया योग दिवस पूर्वाभ्यास का आमंत्रण

**बैतूल।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर आयुष विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर के निर्देशन में विभागीय अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर योग दिवस के पूर्वाभ्यास एवं आयोजन की जानकारी दी तथा उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। आयुष विभाग के प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश राठौर, पार्षद वर्षा बारस्कार, तरुण ठाकरे एवं बंडू से सौजन्य भेंट कर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्वाभ्यास की रूपरेखा से अवगत कराया। इस दौरान योग को जन-जन तक पहुंचाने और आयोजन को सफल बनाने पर चर्चा की गई। सौजन्य भेंट के दौरान प्रभारी जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर, आयुर्वेद कम्पाउंडर प्रदीप सिंह भारद्वाज एवं कमलेश चौकीकर उपस्थित रहे। आयुष विभाग ने जनप्रतिनिधियों से योग दिवस कार्यक्रम में सहभागिता का आग्रह करते हुए अधिक से अधिक लोगों को जोडऩे की अपील की।




### योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिदिन योग कक्षाओं का आयोजन

**बैतूल।** 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शासन के द्वारा प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक जिला जनसंपर्क कार्यालय के सामने स्थित भवन में निशुल्क योग कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित इन कक्षाओं में विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया जा रहा है। योग प्रशिक्षकों ने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की गई है।

### योग दिवस मनाने के लिए आयोजित की बैठक



**शाहपुर।** रविवार को भाजपा कार्यालय के सामने विनोद परिहार के निवास पर 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाने के संबंध में पतंजलि योगपीठ की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में योग समिति के तहसील प्रभारी शारदा प्रसाद मुरलीधर गुप्ता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। पतंजलि योगपीठ जिला प्रभारी सुनील कुबड़े द्वारा इस बैठक में सभी योग साधकों को 21 जून को विश्व योग दिवस राष्ट्रीय त्योहार के समान मनाने एवं उसकी रूपरेखा तैयार करने के संबंध में निर्देश दिए गए। बताया कि योग से होने वाले फायदे को जन-जन तक पहुंचाने एवं विश्व योग दिवस के प्रोटोकॉल के लिए एक जून से सभी जगह योग की विशेष कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रभारी सुनील कुबड़े द्वारा बताया गया कि स्वामी बाबा रामदेव पतंजलि योगपीठ के 40 वर्षों के अथक प्रयास की सराहना की गई।

## गुप्तेश्वर मंदिर फिर निशाने पर

### सीसीटीवी तोड़ डीवीआर ले गए बदमाश

**बैतूल।** आठनेर के चौरागढ़ स्थित गुप्तेश्वर मंदिर में एक बार फिर संदिग्ध गतिविधियों ने मंदिर प्रबंधन की चिंता बढ़ा दी है। अज्ञात बदमाशों ने रात के अंधेरे में मंदिर परिसर में घुसकर गर्भगृह का ताला तोड़ा, दान पेटी को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया तथा सुरक्षा व्यवस्था को निशाना बनाते हुए सीसीटीवी कैमरे तोडक़र डीवीआर अपने साथ ले गए। घटना के बाद भोला मंडल चौरागढ़ गुप्तेश्वर समिति ने थाना आठनेर में शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। समिति द्वारा थाना प्रभारी आठनेर को दिए गए आवेदन के अनुसार 5 जून की रात अज्ञात व्यक्तियों ने मंदिर परिसर में प्रवेश किया। आरोप है कि बदमाशों ने गर्भगृह के ताले तोड़ दिए और दान पेटी को भी तोडऩे का प्रयास किया। घटना से मंदिर परिसर में दहशत और आक्रोश का माहौल है। समिति ने शिकायत में बताया कि आरोपियों ने वारदात को अंजाम देने के दौरान मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों को नुकसान पहुंचाया तथा कैमरों की रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने वाला डीवीआर भी चोरी कर ले गए। इससे घटना के साक्ष्य जुटाने में कठिनाई उत्पन्न हो सकती है। इसके अलावा मंदिर की भोजनशाला का ताला भी तोड़े जाने की जानकारी आवेदन में दी गई है।

#### पहले भी हो चुका है चोरी का प्रयास

समिति के अनुसार यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मंदिर में चोरी का प्रयास किया जा चुका है, जिसकी सूचना आठनेर थाने में दी गई थी। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से समिति के पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। घटना की जानकारी मिलते ही समिति के सदस्य मंदिर परिसर पहुंचे और तत्काल डायल-112 पर सूचना दी। समिति अध्यक्ष सहित सदस्यों ने पुलिस से मामले की गंभीरता से जांच कर अज्ञात आरोपियों का पता लगाने तथा उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायत में समिति अध्यक्ष रवि अड़लक के साथ तरुण गायकवाड़, सोनू घोडकी और महादेव गावंडे, अर्चित राव मगरदे, राकेश राठौर अमित जीतपुरे, ललित करोले सहित अन्य सदस्य शामिल हैं।

## सांप के काटने पर समय बर्बाद ना करें तुरंत मरीज को डॉक्टर के पास ले जाएं

### छात्रों ने सीखा आपदा प्रबंधन के समय बचाव के तरीके




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बाढ़, भूकंप, सांप के काटने जैसी आपदाओं से निपटने के लिए इसके प्रति जागरूक रहना ही बचाव है। ऐसी घटनाएं यकायक होती हैं और जिसके लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम की अंतर्गत बस और एमएसडब्ल्यू करने वाले छात्रों ने अपने असाइनमेंट के साथ-साथ आज आपदा प्रबंधन की टीम के द्वारा आपदा में होने वाले नुकसान को कैसे रोके और किस प्रकार से आपदा से बचने के उपाय साधारण नागरिक अपना सकता है और इसे कैसे बचाव कर सकता है आदि संवेदनशील विषयों पर आपदा प्रबंधन की टीम के द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त किया गया। जिला कमांडेंट होमगार्ड से सुनीता पंद्राम ने आपदा के प्रकार और बचाव जैसे बाढ़, भूकंप, सांप के काटने, आग लगने से लेकर विभिन्न आपदाओं से बचाव और राहत के विभिन्न तरीकों से अवगत कराते हुए कहा कि भूकंप का अहसास होने पर खुले मैदान की तरफ बढ़ें, इमारतों, पेड़ों, बिजली के खंभों, होर्डिंग्स और पुल से तुरंत दूर हट जाएं। जमीन पर बैठ जाएं, किसी सुरक्षित और खुली जगह पर पहुंचकर जमीन पर बैठ जाएं। भूकंप के दौरान नीचे उतरने के लिए लिफ्ट का इस्तेमाल भूलकर भी न करें। हमेशा सीढ़य़ों का प्रयोग करें, घबराकर ऊंची इमारत से कूदे नहीं। उन्होंने कहा कि सांप के काटने पर शांत रहना और सही कदम उठाना सबसे ज्यादा जरूरी है। घबराहट में दिल की धडकन तेज हो जाती है, जिससे जहर शरीर में तेजी से फैलता है।

अगर आपने सांप को देखा है, तो उसका रंग या आकार याद रखें (या सुरक्षित दूरी से फोटो खींच लें)। इससे डॉक्टरों को इलाज में मदद मिलती है। याद रखें, सांप को पकडऩे या मारने में समय बर्बाद न करें। झाड़-फूंक के चक्कर समय बर्बाद करना जानलेवा हो सकता है। केवल डॉक्टर ही एंटी-वेनम से जान बचा सकते हैं। मरीज को एम्बुलेंस या किसी गाड़ी से ही अस्पताल ले जाएं, उन्हें पैदल न चलने दें। इस अवसर पर परामर्शदाता सुनील पवार, आशीष कोकने, राजू आठनेरे, मीनाक्षी मालवीय, प्रमोद जागरे सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### हनी ट्रैप गिरोह के 3 आरोपी गिरफ्तार

## लड़की की फेसबुक आईडी से बुलाकर 75 हजार की ठगी



**बैतूल।** शाहपुर पुलिस ने एक हनी ट्रैप गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह ने फेसबुक पर दोस्ती कर बिजली विभाग के कर्मचारी को मिलने बुलाया और उसके मोबाइल से 75 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, चिचोली थाना क्षेत्र के ग्राम कोहकाढाना निवासी 35 वर्षीय राजेश उइके जो बिजली विभाग में कर्मचारी है, ने 23 मई को शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि अज्ञात लोगों ने उन्हें हनी ट्रैप में फंसाकर उनके बैंक खाते से 75 हजार रुपये निकाल लिए हैं। जांच में सामने आया कि राजेश उइके को फेसबुक पर आश्वती भलावी नाम की आईडी से फ्रेंड रिक्वेस्ट मिली थी। दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और 2 मई को महिला ने उन्हें भौंरा में मिलने बुलाया। जब राजेश भौंरा पहुंचे, तो वहां पहले से मौजूद कुछ युवकों ने खुद को महिला के भाई और परिचित बताकर उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने युवक को डराया-धमकाया और महिला से हुई चैट डिलीट कराने के बहाने उनका मोबाइल फोन अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद, आरोपियों ने मोबाइल में मौजूद बैंकिंग और डिजिटल भुगतान ऐप का इस्तेमाल किया। उन्होंने पेटीएम और फोन-पे के माध्यम से राजेश के खाते से 75 हजार रुपये अन्य खातों में ट्रांसफर कर लिए।

### टैक्स पूरा, सड़क खराब, वाहन चालक हो रहे हैं परेशान

# भैंसदेही-परतवाड़ा मार्ग पर गड्ढों से जूझ रहे वाहन चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैंसदेही



भैंसदेही खेड़ी परतवाड़ा मार्ग पूरी तरह खराब हो गया है। यहां सडक़ कम और गड्ढे ज्यादा नजर आते है। जिसके कारण वाहन चालक परेशान है। वाहन चालकों ने बताया कि खेड़ी झल्लार, गुदगांव, सावलमेंढ़ा से कोथलकुण्ड, खोमई, धाबा होते हुए बैरियर तक जगह-जगह सडक़ पर गहरे गड्ढे हो गये है। कई स्थानों पर डामर पूरी तरह उखड़ गया है। सडक़ पर बने लंबे और गहरे गड्ढे वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रहे है। लेकिन मरम्मत कार्य को लेकर जिम्मेदार विभाग और मेंटेनेंस कंपनी गंभीर नजर नहीं आ रही हैं। वाहन चालकों ने बताया कि सडक की बदहाल स्थिति किसी से छिपी नहीं है। प्रशासनिक अधिकारी भी सडक़ की खस्ताहालत से पूरी तरह अवगत हैं, लेकिन सुधार की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। परिणाम स्वरूप क्षेत्र के लोगों को जर्जर और क्षतिग्रस्त सडक पर आवागमन करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार सडक़ की खस्ता हालत के कारण अब तक कई लोग सडक दुर्घटना का शिकार भी हो चुके हैं। कई लोगों की जान भी जा चुकी है। इसके बाद भी सडक की मरम्मत करने या नई सडक़ निर्माण के लिए जिम्मेदारों द्वारा कोई ठोस योजना तक नहीं बनाई जा रही है। जिसके कारण वाहन चालकों में नाराजगी भी बनी हुई है।

#### टोल पूरा, सड़क पर सुविधाएं उपलब्ध नहीं

कोथलकुंड के पास टोल प्लाजा है। यहां वाहन चालको से पूरा टैक्स वसूल किया जाता है, लेकिन सडक़ पर मिलने वाली सुविधाएं नदारत है। यहां तक की सडक भी पूरी तरह खराब हो चुकी है। वाहन चालकों का कहना है कि उनसे नियमित रूप से तो टोल टैक्स वसूला जा रहा है, लेकिन सडक रखरखाव के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। वाहन चालकों का कहना है कि जब टोल टैक्स लिया जा रहा है तो कंपनी और विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी बनती है कि सडक की मरम्मत और रख रखाव पर विशेष ध्यान दें। लेकिन जिम्मेदार सिर्फ टैक्स वसूली पर ध्यान दे रहे है, सडक मरम्मत पर जिम्मेदारों का कोई ध्यान नहीं है।

#### प्रतिदिन गुजरते है सैकड़ों वाहन

खेड़ी-परतवाड़ा मार्ग क्षेत्र का प्रमुख संपर्क मार्ग है। जिस पर प्रतिदिन सैकड़ों वाहनों का आवागमन होता है। दिन के समय चालक किसी तरह गड्ढों से बचकर निकल जाते हैं, लेकिन रात में गड्ढे दिखाई नहीं देने के कारण दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। वाहन चालकों का कहना है कि सडक पर कई स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं, जहां थोड़ी सी चूक भी गंभीर हादसे का कारण बन सकती है। वाहन चालकों का कहना है कि अब बारिश का मौसम शुरू होने वाला है। ऐसे में सडक पर बने गड्ढे और भी खतरनाक साबित होंगे, क्योंकि गड्ढों में बारिश का पानी भरने से गड्ढे वाहन चालकों को नजर नहीं आते है। ऐसे में वाहन चालकों के गिरकर चोटिल होने की संभावना और बढ़ जायेगी। वाहन चालकों ने संबंधित एमपी आरडीसी के आला अधिकारियों से शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू कराने की मांग की है।

#### शुरू करेंगे मरम्मत

वर्तमान में डामर उपलब्ध नहीं होने के कारण सड़क मरम्मत और मेंटेनेंस का कार्य रुका हुआ है। डामर उपलब्ध होते ही मरम्मत कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

**- नागेंद्र सिंह**, टोल मैनेजर, कोथलकुण्ड

## खबर संक्षेप

### चेक बाउंस होने पर 6 माह का कारावास

**माखनगर।** खाद बीज विक्रेता विजय कुमार जैन निवासी माखन नगर द्वारा राजू अहिरवार पिता वृंदावन अहिरवार निवासी गोंदलवाड़ा के विरुद्ध नर्मदापुरम न्यायालय में दिनांक 02/08/2022 को 4 लाख रु. के चैक बाउंस का प्रकरण पेश किया गया था। प्रकरण के निराकरण में माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 04/06/2026 को पारित निर्णय में 6 माह के सश्रम कारावास एवं 9% ब्याज सहित 548600/- रु. प्रतिकर की राशि चुकाने के आदेश जारी किए गए हैं। प्रतिकर की राशि नहीं चुकाने पर 1 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगताया जावेगा।

### अध्यक्ष प्रजापति की सख्ती के बाद प्रोफेसर पर गिरी गाज

**सीहोर।** छेड़छाड़ का गंभीर मामला सामने आते ही हडकंप मच गया। मामले की जानकारी मिलते ही कॉलेज जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुदीप प्रजापति तुरंत एक्शन मोड में आ गए। उन्होंने तत्काल कॉलेज पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और प्रबंधन को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसके बाद आरोपी प्रोफेसर को 10 दिन के लिए हटा दिया गया है। बता दें घटना की सूचना मिलते ही जनभागीदारी अध्यक्ष सुदीप प्रजापति सीधे कॉलेज पहुंचे। उन्होंने पूरे मामले की विस्तृत जानकारी ली और पीडित छात्रा के परिजनों द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों को गंभीरता से सुना। अध्यक्ष ने कॉलेज प्रबंधन के साथ चर्चा की।

### कांग्रेस पार्षद ने की प्रशासन से मांग- नपा सरकारी नालों से भी हटाए अतिक्रमण

# नगर में प्रशासन का विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान प्रारंभ, वसूला जुर्माना

शहर को को सुव्यवस्थित एवं अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से शनिवार को नगर परिषद सोहागपुर ने रामगंज वार्ड में विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान 12 हजार रूपये जुर्माना वसूला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि विशेष अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान नगर परिषद एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने सार्वजनिक मार्गों, शासकीय भूमि एवं आमजन के आवागमन में बाधा उत्पन्न करने वाले अतिक्रमणों का निरीक्षण कर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान तीन अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए कुल 12,500 रुपये का जुर्माना लगाया गया एवं तत्काल उक्त राशि की वसूली भी की गई। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक स्थानों पर रखी गई कबाड़ सामग्री को जप्त किया गया। अधिकारियों द्वारा संबंधित अतिक्रमणकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि वे अपना शेष अतिक्रमण स्वयं हटाकर सार्वजनिक स्थलों को खाली करें, अन्यथा नगर परिषद द्वारा नियमानुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी तथा उससे होने वाले व्यय एवं दंड की जिम्मेदारी संबंधित व्यक्तियों की होगी। इस दौरान नायब तहसीलदार रंजीत चौहान, प्रभारी राजस्व निरीक्षक संजय परसाई, संजय पचौरी, हक्कूलाल परते, भूपेंद्र केवट तथा नगर परिषद कर्मचारी उपस्थित थे।

#### नागरिकों को दी समझाइश

अभियान दौरान अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों एवं व्यापारियों को समझाइश दी। तथा कहा कि सड़क, नाली, फुटपाथ एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर किया गया अतिक्रमण यातायात एवं आमजन की सुविधा में बाधा उत्पन्न करता है। वहीं इस तरह का अतिक्रमण नगर की व्यवस्था, स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इसलिए सभी नागरिक निर्धारित सीमाओं के भीतर ही अपने प्रतिष्ठानों एवं सामग्री का उपयोग करें।

#### अतिक्रमण हटाने का कार्य रहेगा जारी, होगी कार्यवाही

नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि निकाय द्वारा नगर में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। तथा भविष्य में भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाकर प्रशासन का सहयोग करें, जिससे नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाया जा सके। जिससे सोहागपुर शहर में अतिक्रमण से आमजनों को दिक्कतों का सामना न करना पडें, लोगों को वाहनों को निकलने में परेशानी का सामना न करना पडें।

#### हटाया नाले का अतिक्रमण

शहर में किसी भी प्रशासनिक कार्रवाई पर सबसे पहले टिप्पणी करने वालों में कांग्रेस पार्षद धर्मदास बेलवंशी का नाम चर्चित है। बेलवंशी द्वारा सदैव ही भाजपानीत नगर परिषद के कार्यों को लेकर कभी-कभी मय साक्ष्य तो कभी-कभी बिना साक्ष्य के ही निकाय को नकारा बताने की टिप्पणी की जाती है। अतिक्रमण कार्रवाई के बाद भी बेलवंशी ने प्रशासन पर तंज कसा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा है कि नगर में रेलवे स्टेशन से स्टेट बैंक तक सड़क से लगे नाले पर अतिक्रमण किया गया है। बारिश में यह सड़क नदी में तब्दील हो जाती है। अतः प्रशासन उक्त नाले को भी अतिक्रमण मुक्त कराने की कृपया करे।

## सिवनी मालवा नपा को मिला 'श्रेष्ठ निकाय' का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर नर्मदापुरम जिले की सिवनी मालवा नगरपालिका को प्रदेश स्तर पर 'श्रेष्ठ निकाय 2024-25' श्रेणी में सम्मानित किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भोपाल में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह पुरस्कार प्रदान किया।

नगरपालिका के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पुरस्कार ग्रहण करने के बाद नगरीय विकास एवं आवास आयुक्त संकेत भोंडवे से सौजन्य भेंट की। आयुक्त भोंडवे ने सिवनी मालवा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अन्य निकायों को भी इससे प्रेरणा लेकर हरित क्षेत्र का विस्तार और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रभावी कार्य करने चाहिए।

उन्होंने कहा कि सिवनी मालवा की यह उपलब्धि जनभागीदारी का परिणाम है। स्वच्छ और हरित शहर का निर्माण तभी संभव है जब नागरिक प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलें। इसके लिए उन्होंने सिवनी मालवा के सभी नागरिकों को बधाई दी।

#### नपा द्वारा किये जा रहे नवाचार


गौरतलब है कि सिवनी मालवा में राम वाटिका जैसे नवाचारों का संचालन और संधारण किया जा रहा है। इसके अलावा हरित प्रबंधन के क्षेत्र में भी निकाय लगातार बेहतर कार्य कर रहा है।

जिसके चलते उसे यह सम्मान मिला। इस अवसर पर संचालनालय के पर्यावरण विशेषज्ञ डॉ. सीताराम टैगोर भी मौजूद रहे।

### 13 को शिवभक्ति का महासागर उमड़ेगा, भक्ति की ऐसी शाम, जब हर घर बनेगा शिवालय

**सीहोर।** पुरुषोत्तम मास की पावन शिवरात्रि इस वर्ष एक ऐतिहासिक आध्यात्मिक पर्व का साक्षी बनने जा रही है। 13 जून की संध्या केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं होगी, बल्कि करोड़ों हृदयों को शिवभक्ति के सूत्र में पिरोने वाला एक दिव्य क्षण बनेगी। अंतरराष्ट्रीय कथावाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा (सीहोर वाले) के सान्निध्य में कुबेरेश्वर धाम से आयोजित ऑनलाइन शिव महारुद्राभिषेक महोत्सव के माध्यम से देश-विदेश के लाखों श्रद्धालु एक साथ भगवान भोलेनाथ की आराधना करेंगे। जब एक ही समय पर लाखों हाथ अभिषेक करेंगे और लाखों कंठों से भगवान शिव के मंत्रों का उच्चारण होगा, तब वातावरण शिवमय हो उठेगा। अंतर्राष्ट्रीय वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा उत्तरप्रदेश के बलिया में आयोजित की जाएगी। कथा के समापन के पश्चात रात्रि को देश और विदेश में एक साथ ऐतिहासिक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। वहीं जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के द्वारा विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। शनिवार को छह क्विंटल से अधिक मिठाई का वितरण किया गया।

## ईशरपुर के आश्रम में जारी नर्मदा परिक्रमा वासियों की सेवा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर ब्लॉक के ग्राम ईशरपुर में स्थित स्वामी शंकर विवेकानंद संयास आश्रम में नर्मदा परिक्रमा करने वालों के लिए नियमित भंडारा आयोजन किया जाता है। आश्रम में जन सहयोग से नर्मदा परिक्रमा वासियों के लिए भंडारा इन दिनों गर्मी के माहौल में भी जारी है।

आश्रम संचालक स्वामी ईशानानंद सरस्वती ने बताया कि आश्रम में भंडारे का आयोजन प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा से शुरू होता है तथा यह भंडारा चातुर्मास शुरू होने तक चलता है।

भंडारा आयोजन में आश्रम से जुड़े हुए धर्म प्रेमी भक्तों के द्वारा दान स्वरूप धन खाद्यान्न सामग्री प्रदान की जाती है। आश्रम में परिक्रमावासियों की सेवा का क्रम पिछले एक दशक से जारी है।

## पॉलीथीन प्रतिबंध: छोटी दुकानों से होती जब्ती बड़ी दुकानों पर मेहरबान नप स्वच्छता शाखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



नगर परिषद द्वारा उच्च स्तरीय आदेश मिलने पर शहरी बाजार से पॉलिथीन जप्त की जाती है। कार्रवाई में छोटी दुकानों से कुछ किलो पॉलिथीन जप्त कर प्रकरण बनाए जाते हैं। वहीं बड़े दुकानदारों पर नप की स्वच्छता शाखा सदैव से मेहरबान रही है।

हरिभूमि को गत दिवस शहर के लघु एवं सामान्य स्तर के व्यापारियों ने बताया है कि जब भी पालीथीन पर प्रतिबंध की कार्रवाई की जाती है नगर परिषद सोहागपुर की छोटी दुकानें ही नज़र आती हैं, जिनके पास बहुत ही कम मात्रा में पालीथीन होती है। नप स्वच्छता शाखा के अधिकारियों व कर्मचारियों को बड़ी दुकानों पर कभी पालीथीन जप्त करते नहीं देखा गया है।

छोटे दुकानदारों ने नाम ना छापने की शर्त पर कहा कि बड़ी दुकानों पर स्वच्छता शाखा के प्रभारी परसाई जी हाथ जोड़े खड़े नज़र आते हैं। उनका जोर मात्र चाट, सब्जी, फल, नाश्ता एवं चाय गुमठियों पर ही चलता है, जहां वे पालीथीन जप्त करते हैं। व्यापारियों के अनुसार आज तक परसाई साहब ने किसी भी बड़ी दुकान से पालीथीन जप्त नहीं की है। नागरिकों ने कहा कि यदि नप सीएमओ पिछले पांच वर्षों में पालीथीन जप्ती व जुर्माने का विवरण खंगालेंगे तो स्पष्ट हो जाएगा कि मात्र छोटे व्यापारियों पर ही कार्रवाई की जाती है।

## बिजली विभाग की लापरवाही, सरेआम झूल रहे खुले तार, खेत में किसान पुत्र की मौत

### ग्राम पंचायत हथवास में लापरवाही का मामला उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत हतवास में मध्य प्रदेश राज्य विद्युत मंडल की लापरवाही से मूंग के खेत में किसान पुत्र की मौत हो गई। मंगलवारा थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि हथवास में कावेरी वेयरहाउस के पीछे हरीश अग्रवाल पिता पूरन लाल अग्रवाल अपने खेत में मूंग की फसल देखने गए थे। अचानक एक बछिया मूंग की फसल का रही थी। उसे भगाने के लिए हरीश खेत में गया था।

खेत में झूलते हुए खुले तारों की चपेट में आने से हरीश को गर्दन में करेंट लगा और गिर पड़ा था। हरीश को पिता ने आसपास के लोगो की मदद से अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि वह आटो चालक था। उसी से अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

#### हमेशा हादसे का बना रहता है खतरा

इस तरह से लगातार बिजली विभाग की लापरवाही सरेआम दिखाई दे रही है। तो वहीं दूसरी ओर मोकलवाडा,बनवारी,में लगातार कटौती से लोगों को पीने का पानी भी नहीं मिल पा रहा है। बिजली विभाग के द्वारा गंभीर लापरवाही की जा रही है इससे हमेशा हादसे का खतरा बना है।

#### पूर्व में भी हुए खुले तारों को हटाने के आदेश

बीजनवाडा पंचायत क्षेत्र सहित शहर में कई जगहों पर में शहर के मापदंड निर्धारित के आधार पर कनेक्शन दिए जा रहे हैं। विगत वर्षों में लगभग 40 किलोमीटर तक केबिल लगाकर खुले तारो को हटाने के आदेश दिए गए थे। लेकिन अभी तभोपाल, सोमवार 8 जून 2026क कोई समाधान नहीं हुआ है। विजली विभाग द्वारा कई जगहों पर लापरवाही बरतते हुऐ खुले तारों को सही से प्रबंधन नही किया जाता इससे नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

## किसानों पर संकट: फ़सल की राशि 1 लाख ही मिलेगी नकद

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की क्रषि उपज मंडी परिसर किसान अपनी फसल लाकर इसलिए बैचता था ।कि घर में शादी विवाह या अन्य कोई सुविधा उपलब्ध के लिए किसानों को भुगतान तुरंत मिलने की आशा रहती थी।की फसल बैंचनेके बाद शाम को नगद भुगतान मिलेगा इसलिए किसान मंडी में व्यापारी को कम दाम में फसल देता था।

अभी वर्तमान में सहायक संचालक चंद्र शिवराम उईके क्रषि उपज मंडी ने बताया कि दाल मर्चेंट एसोसिएशन तथा सभी व्यापारी संघ ने पत्र लिखकर कहा है कि किसान को उनकी उपज का कुल एक लाख रुपए तक ही नगद भुगतान मिलेगा। शेष भुगतान एन ई एफ टी के माध्यम से किसानों के खाते में जमा किया जाएगा।

व्यापारी वर्ग का कहना है। बैंक द्वारा व्यापारी वर्ग को नगद भुगतान करने में असमर्थता जताई है। बैंक ने व्यापारी वर्ग को कहा है कि। किसानों की उपज का भुगतान कुल 30 हजार तक ही नगद किया जाएगा। यदि 2लाख मूल्य फसल का है।तो 20 हजार ही नगद भुगतान किया जाएगा। शेष राशि एन एफ टी के माध्यम से किसानों के खाते में जमा किया जाएगा।

इस बारे में सहायक संचालक क्रषि उपज मंडी चंद्र शिवराम उईके ने बताया कि बैंक अधिकारियों के द्वारा फसल की पूरी राशि नगद भुगतान में असमर्थता जताई है। इसलिए व्यापारी वर्ग ने मंडी बोर्ड को किसानों की इस समस्या से अवगत कराया गया है।

## अब सीहोर स्टेशन पर फिर रुकने लगेगी ओवरनाइट एक्सप्रेस

**सीहोर।** सीहोर के रेल यात्रियों के लिए एक अच्छी खबर है। लंबे समय से चली आ रही सीहोरवासियों की मांग आखिरकार पूरी हो गई है। भाजपा मीडिया प्रभारी प्रितेश राठौर ने बताया कि इंदौर से जबलपुर जाने वाली ओवरनाइट एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 22191 एवं 22192) का सीहोर रेलवे स्टेशन पर ठहराव फिर से शुरू किया जाएगा। कोरोना काल के दौरान इस ट्रेन का स्टॉपेज बंद कर दिया गया था, जिसके कारण सीहोर के यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था।

स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने इस समस्या को लेकर भोपाल सांसद आलोक शर्मा से आग्रह किया था। जनता की मांग को गंभीरता से लेते हुए सांसद आलोक शर्मा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर ओवरनाइट एक्सप्रेस का सीहोर में पुनः ठहराव शुरू करने की मांग की थी।

सांसद शर्मा ने अपने पत्र में उल्लेख किया था कि सीहोर जिले के बड़ी संख्या में यात्री इस ट्रेन का उपयोग करते हैं तथा स्टॉपेज बंद होने से उन्हें अतिरिक्त दूरी तय कर अन्य स्टेशनों से यात्रा करनी पड़ रही है। उन्होंने इसे जनहित का विषय बताते हुए शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया था। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सांसद आलोक शर्मा की मांग को स्वीकार करते हुए ओवरनाइट एक्सप्रेस के सीहोर स्टेशन पर ठहराव को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस निर्णय से सीहोर एवं आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। सांसद आलोक शर्मा ने रेल मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता की सुविधाओं और आवश्यकताओं को लेकर वे निरंतर प्रयासरत हैं। वहीं, सीहोरवासियों ने भी ट्रेन के पुनः ठहराव की मंजूरी मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए सांसद के प्रयासों की सराहना की है।

## जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ने पौधारोपण कर मनाया जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल ने अपने जन्मदिन पर एक पेड़ मां के नाम पर तथा एक पेड़ अपने जन्मदिन पर रोपित किया गया। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा अपने समर्थकों तथा आसपास के ग्रामीण जनों के लिए तथा कोई भी व्यक्ति सबसे कम दर पर अपनी बेटी या बेटेका विवाह सम्मेलन आयोजित करना चाहते हैं तो उनके लिए खैरा मार्ग पर माथनी पंचायत में गार्डन तैयार किया जा रहा है। जिसमें ब्रक्षारोपड किया गया है। जिसमें सभी लोग अपने-अपने सामर्थ्य के अनुसार कार्य कर सकेंगे।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अहारखेड़ा में किया पौधारोपण




हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मप्र जन अभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति आहारखेड़ा ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर एक पेड़ मां के नाम व पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के संकल्प को साकार करने हेतु माखननगर के सेक्टर क्रमांक 03 के ग्राम अहारखेड़ा में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं सहयोगी संस्था बज्जरवाड़ा लोक कल्याण समिति ने 50 पौधों का वृक्षारोपण हुआ। इस अवसर पर नवांकुर संस्था प्रमुख विपिन यादव, जन प्रतिनिधिगण, सुरेश यादव, हर्ष तिवारी, मुकेश यादव, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष रोहित राजपूत, प्रशांत राजपूत सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### हड़ताल के चलते जिले की स्वास्थ्य सेवाएं बेहाल

# अब 11 जून को भोपाल में मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे 32 हजार कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत लगभग 32 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। 'संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, मप्र ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों का तत्काल निराकरण नहीं हुआ, तो आगामी 11 जून को प्रदेशभर के सभी 32 हजार कर्मचारी भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे। शहर के बस स्टैंड के समीपस्थ टाउन हाल स्थित धरना स्थल पर भीषण गर्मी में अपनी समस्याओं को लेकर प्रदर्शन कर रहे है।

इनकी मांगों को समर्थन देने के लिए संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा सहित अन्य पहुंचे। श्री दीक्षित ने कहाकि पिछले कई वर्षों से सैकड़ों की संख्या में ऐसे कर्मचारी है जो स्वास्थ्य विभाग में पूरी निष्ठा के साथ सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन शासन स्तर पर उनके हितों की लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि एक वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री की उपस्थिति में उनकी मांगों पर सहमति बनी थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों की मांग को जायज बताते हुये अपना समर्थन दिया और सरकार से जल्द से जल्द संविदा कर्मियों की मांगे पूरी करने की मांग की। कर्मचारियों ने सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए एक माह पूर्व से चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया था।

## भारतीय जनता पार्टी की मासिक बैठक संपन्न, संगठन को लेकर की विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




भारतीय जनता पार्टी नर्मदापुरम मंडल की मासिक बैठक रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों, बूथ सशक्तिकरण अभियान एवं जनसंपर्क गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत ने बताया कि संगठन द्वारा आगामी दिनों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर 12-12 पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता घर-घर संपर्क अभियान चलाएं।

पूर्व जिला महामंत्री एवं मंडल प्रभारी रघुवीर राजपूत ने संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अखिलेश खंडेलवाल ने कार्यकर्ताओं से संगठन के अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा प्रधानमंत्री के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कार्यकर्ताओं से निरंतर जनसंपर्क और संवाद बनाए रखने का आग्रह किया।

बैठक में जिला महामंत्री कुंवर सिंह यादव, जिला मीडिया प्रभारी अमित माहला, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोहर बड़ानी, विकास नरोलिया, नंदकिशोर यादव, देवेन्द्र रूसिया, किसन मस्साब, संजीव मालवीय, नागेंद्र तिवारी, दीपू हेमनानी, रूपराम यादव, रजनी यादव, पार्षद नरेंद्र पटेल, बंटी परिहार, दुर्गेश चौधरी, पूर्व पार्षद अतुल भंडारी, पंकज पांडे, एल्डरमेन संतोष मीणा, हीरामंडी भावसार, सुचित्रा यादव, चंदन शाह, सचिन तोमर, अमित तिवारी, योगेंद्र सोलंकी, कमल चौहान, सुमित गौर, देवू यादव, धनराज यादव, राकेश सराठे, नितिन यादव, महेश सैन, प्रशांत मालवीय, सुनील गोहोरे, पंकज साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुंदरम अग्रवाल, जसवीर, सुरेंद्र चौहान, हर्ष सराठे, अनिल अहीरवार, रेखा रघुवंशी, मजीद खान, पाल साहब, हरि सेवरिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### बिजली कंपनी के निदेशक ने की संपर्क अभियान की समीक्षा

**सीहोर।** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के निदेशक (वाणिज्य) सुधीर श्रीवास्तव द्वारा सीहोर में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण के लिए चलाए जा रहे संपर्क अभियान की समीक्षा की और निर्देश दिए कि अभियान के अंतर्गत प्राप्त सभी बिजली संबंधी शिकायतों को शीघ्र एवं संतुष्टि पूर्ण निराकरण किया जाए। बैठक में महाप्रबंधक पूनम तुमराम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### पर्यावरण दिवस पर बैंक परिसर में किया गया पौधरोपण

**सीहोर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बैंक सीईओ सौरभ जुनवाल और सहायक प्रबंधक मनोज शर्मा ने बैंक परिसर में फलदार पौधों का रोपण किया। इस दौरान सभी ने पर्यावरण के संरक्षण की शपथ भी ली।

---

### इससे पहले भी फर्जी दस्तावेजों के जरिए लोन दिलाने का हो चुका है मामला उजागर


# कर्ज का जाल: फर्जी दस्तावेजों से लोन, सिविल खराब होने से सरकारी योजनाओं से वंचित ग्रामीण

भैरूंदा में माइक्रो फाइनेंस कंपनियों का अनियंत्रित विस्तार, गांव-गांव एजेंट सक्रिय, निगरानी कमजोर, गरीब और महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

तहसील क्षेत्र में निजी माइक्रो फाइनेंस कंपनियों का नेटवर्क तेजी से फैल रहा है। शहर से लेकर दूरस्थ गांवों तक सक्रिय ये कंपनियां 'समूह लोन' के नाम पर किसानों, मजदूरों और महिलाओं को आसान कर्ज का लालच देकर अपने जाल में फंसा रही हैं। कम दस्तावेज और त्वरित लोन स्वीकृति के झांसे में लोग इनसे जुड़ तो रहे हैं, लेकिन बाद में 18 से 20 प्रतिशत तक ब्याज, सख्त शर्तों और बार-बार वसूली के दबाव के चलते आर्थिक संकट में घिरते जा रहे हैं। किश्त चूकते ही उनका सिविल स्कोर खराब हो रहा है, जिससे वे सरकारी योजनाओं और बैंकिंग सुविधाओं से भी वंचित हो रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, कंपनियां 50 हजार से लेकर लाखों रुपए तक के लोन समूह बनाकर देती हैं। इसके लिए आधार कार्ड, वोटर आईडी और बैंक पासबुक जैसे सामान्य दस्तावेज ही पर्याप्त बताए जाते हैं। लोन वितरण के बाद महीने में दो बार किश्त वसूली की जाती है। समय पर भुगतान न होने पर पेनल्टी और अतिरिक्त ब्याज जोड़ दिया जाता है, जिससे कर्ज की राशि कई गुना तक बढ़ जाती है। समूह प्रणाली के कारण एक सदस्य के डिफॉल्ट पर पूरे समूह पर दबाव बनाया जाता है। जानकारी के मुताबिक, कुछ कंपनियों के एजेंट आवासीय लोन के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर रहे हैं। आरोप है कि एजेंट खुद ही कागजी प्रक्रिया पूरी कर किसानों और महिलाओं के नाम पर लोन स्वीकृत करवा देते हैं। इस दौरान फाइल चार्ज, प्रोसेसिंग फीस और अन्य मदों में 10 से 20 हजार रुपए तक वसूले जाते हैं। कई मामलों में अधूरे या गलत दस्तावेजों के आधार पर भी लोन जारी होने की बात सामने आई है, जिससे भविष्य में विवाद की स्थिति बन रही है।




#### मजदूर और महिलाएं सबसे ज्यादा चपेट में

इस पूरे नेटवर्क में सबसे अधिक नुकसान गरीब तबके, विशेषकर मजदूरी करने वाली महिलाओं को हो रहा है। अनियमित आय के कारण वे समय पर किश्त नहीं चुका पातीं और कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता जाता है। सिविल स्कोर खराब होने से उन्हें स्वरोजगार, आवास योजना और अन्य सरकारी सहायता योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और कमजोर हो रही है।

#### गांव-गांव नेटवर्क, किराए के ऑफिस से हो रहा संचालन

जानकारी के अनुसार, इन कंपनियों ने शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे-छोटे किराए के कार्यालय खोल रखे हैं। यहां से एजेंट समूह बनाकर लोन बांटते हैं और नियमित वसूली के लिए गांव-गांव पहुंचते हैं। कई मामलों में एजेंट सुबह से शाम तक घरों के चक्कर लगाते हैं, जिससे लोगों पर मानसिक दबाव बढ़ता है।

#### प्रशासन के पास नहीं ठोस डेटा, निगरानी कमजोर

स्थानीय प्रशासन के पास इन कंपनियों की संख्या, लाइसेंस और संचालन को लेकर स्पष्ट जानकारी का अभाव है। निगरानी की कमी के कारण ये कंपनियां बिना किसी डर के काम कर रही हैं और ग्रामीणों को कर्ज के जाल में फंसा रही हैं।

#### नियमित जांच में हो सकता हैं फर्जीवाड़े का खुलासा

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इन निजी फाइनेंस कंपनियों की नियमित जांच और दस्तावेजों का सत्यापन किया जाए तो बड़े स्तर पर फर्जीवाड़े और अवैध वसूली का खुलासा हो सकता है। साथ ही ग्रामीणों को जागरूक करना भी जरूरी है, ताकि वे बिना जानकारी के ऐसे कर्ज जाल में फंसने से बच सकें।

वसूली के दौरान अपमानजनक व्यवहार और प्रताड़ना के आरोप भी सामने आ रहे हैं।

#### पहले भी हो चुका है खुलासा

क्षेत्र में इससे पहले भी फर्जी दस्तावेजों के जरिए लोन दिलाने का मामला उजागर हो चुका है। 15 मई 2024 में eviom माइक्रो फाइनेंस कंपनी पर कार्रवाई के दौरान एजेंटों द्वारा सरपंच के फर्जी लेटरहेड और हस्ताक्षर से जमीन के दस्तावेज तैयार कर होम लोन स्वीकृत कराने का मामला सामने आया था। शिकायत के बाद eviom माइक्रो फाइनेंस कंपनी को सील किया गया, लेकिन इसके बावजूद ऐसी गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। थाना प्रभारी घनश्याम दांगी से जब फाइनेंस कंपनी की जानकारी लेनी चाही तो उनके द्वारा सूची एसडीएम कार्यालय होना बताया।

---

## दो चोरी का खुलासा, शातिर चोर गिरफ्तार 60 हजार का माल और नकदी बरामद 48 घंटे में 2 मामलों में मिली सफलता



**सीहोर।** जिले की भैरूंदा पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर क्षेत्र में हुई दो चोरियों का पर्दाफाश करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इन मामलों में एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है, जो पहले भी चोरी के आरोप में जेल की हवा खा चुका है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर कुल 60,000 रुपये का चोरी का सामान और नकदी बरामद कर ली है।

भैरूंदा पुलिस के अनुसार, 4 जून को फरियादी अनवार खान ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि 3 मई की रात अज्ञात चोरों ने उनकी दुकान का शटर तोड़कर लोहे के औजार, तीन पासे, करीब 1 किलो पीतल की कंगनी और कल्टीवेटर के मोजे चोरी कर लिए थे। पुलिस ने इस मामले में नए कानून भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 331(4) और 305(ए) के तहत केस दर्ज कर त्वरित जांच शुरू की थी।

**सख्ती से पूछताछ में कबूली ट्रैक्टर से चोरी की वारदात :** मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी सोनाक्षी सक्सेना के सख्त निर्देश और एसडीओपी रोशन जैन के मार्गदर्शन में भैरूंदा थाना प्रभारी ने एक विशेष टीम का गठन किया। जांच के दौरान पुलिस का शक सुभाष कॉलोनी निवासी 22 वर्षीय जितेंद्र उईके पर गहराया। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया। जब उससे सख्ती से पूछताछ की गई, तो उसने दुकान में चोरी का जुर्म कबूलने के साथ ही एक और वारदात का खुलासा किया। उसने बताया कि कुछ समय पहले उसने एक किसान के ट्रैक्टर की डिग्गी से 94,253 रुपये से भरा एक झोला भी चुराया था।

**40 हजार का सामान और 20 हजार कैश बरामद :** पुलिस ने आरोपी जितेंद्र के पास से दुकान से चोरी हुआ 40,000 रुपये का सामान और ट्रैक्टर से चोरी की गई नकदी में से 20,000 रुपये (कुल 60 हजार रुपये की रिकवरी) बरामद किए हैं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। उसकी इस गिरफ्तारी और पूछताछ से क्षेत्र में हुई कुछ अन्य चोरियों के मामलों का भी पर्दाफाश होने की पूरी उम्मीद है। फिलहाल पुलिस आरोपी से आगे की पूछताछ कर रही है।

---

मातृत्व योजनाओं का लाभ मिलेगा

## एसडीएम की पहल पर गोरखपुर शिविर में डीबीटी व ई-केवायसीकी समस्याओं का समाधान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

एसडीएम भीकनगांव लोकेश छापरे की पहल पर ग्राम गोरखपुर में आयोजित शिविर में आकस्मिक रूप से पहुंचे थे। इस अवसर पर 87 गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की डीबीटी एवं बैंकिंग सेवायें (ई-केवायसी) की गई। उन्होंने अन्य स्थानों पर भी ऐसे ही शिविरों के आयोजन के निर्देश दिए हैं। शनिवार को प्रातः 9 बजे से ग्राम गोरखपुर, काकरिया, रेहकल्या बारदेवला, सपाटिया, बायखेड़ा, साईखेड़ा गांव की महिलायें शिविर में पहुंची थी। जिसमें बैंक ऑफ़ इंडिया के मित्र बाबुल भाटिया और मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के मित्र सुनील शर्मा ने अपनी सेवायें दी और समस्याओं का समाधान किया गया। इस अवसर पर एसडीएम छापरे ने शिविर का जायजा लिया और बीएमओ डॉ.दीपक शस्त्रे,बीपीएम राजेश गवले, बीसीएम हरिशंकर कोचक को आवश्यक निर्देश दिए।





#### समस्याओं का समाधान किया

शिविर में पहुंची अर्चनाबाई ने बताया कि उनका डीबीटी पूर्व में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में लिंक था,जिसे सक्रिय बैंक ऑफ इंडिया के खाते में जोड़ा गया। जबकि आरतीबाई का खाता केवाईसी अपडेट किया गया। वहीँ,सेवंतीबाई को उनके खाते की डीबीटी किस बैंक से है,इसकी जानकारी नहीं थी। जिसकी एनपीसीआई पोर्टल के माध्यम से जानकारी लेकर उन्हें सही बैंकिंग का मार्गदर्शन दिया गया। इसी तरह संगीताबाई के खाते में डीबीटी लिंक नहीं थी। जिसे पोर्टल के माध्यम से आधार सीडिंग कर डीबीटी सुविधा सक्रिय कराई गई। इस अवसर पर एएनएम, आंगनवाडी एवं आशा कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

#### इनका कहना है...

आदिवासी अंचल में गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को बैंकिंग सेवाओं की जानकारी के अभाव में उन्हें मातृत्व-योजनाओं का लाभ लेने में दिक्कतें आती है। ऐसे शिविर कारगर सिद्ध होने से वे उपयुक्त समय पर लाभान्वित हो सकेंगी। - लोकेश छापरे, एसडीएम भीकनगांव

---

### 15 जून को अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठजन दुर्व्यवहार रोकथाम जागरुकता दिवस का होगा आयोजन

**सीहोर।** वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों, गरिमा, सुरक्षा एवं कल्याण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेशभर में 15 जून को अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठजन दुर्व्यवहार रोकथाम जागरूकता दिवस मनाया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय ने इस संबंध में सभी जिलों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। दिवस के अवसर पर वृद्धाश्रमों, डे-केयर केंद्रों, शैक्षणिक संस्थानों तथा अन्य उपयुक्त स्थलों पर विविध जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें संगोष्ठी, परिचर्चा, जागरूकता रैली, प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण तथा वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह शामिल हैं। युवाओं और वरिष्ठजनों के मध्य संवाद को बढ़ावा देने के लिए अंतर-पीढ़ी संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। विभाग ने निर्देश दिए हैं कि कार्यक्रमों के माध्यम से वृद्धजनों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता, पारिवारिक उत्तरदायित्व और सामाजिक सहभागिता का संदेश व्यापक रूप से प्रसारित किया जाए। इसके लिए स्थानीय समाचार-पत्रों, सामुदायिक रेडियो, सोशल मीडिया तथा अन्य प्रचार माध्यमों का उपयोग किया जाएगा। वरिष्ठ नागरिकों के संरक्षण एवं कल्याण के लिए लागू अधिनियमों और नियमों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा वृद्धजनों के लिए सम्मानजनक एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है।

---

## विश्व पर्यावरण दिवस पर यूफोरिया माइन्स एंड मिनरल्स कंपनी ने किया पौधरोपण

**रेहटी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर यूफोरिया माइन्स एंड मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा रेहटी तहसील क्षेत्र पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कंपनी ने ग्रामीण क्षेत्र सहित रेहटी थाना प्रांगण में थाना प्रभारी राजेश कहारे के साथ पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखरेख करने का संकल्प लिया। पौधरोपण के दौरान उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन एवं हरित वातावरण के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। कंपनी प्रतिनिधियों ने बताया कि यूफोरिया माइन्स एंड मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रतिवर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में इस वर्ष भी पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई गई।




कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना तथा अधिक से अधिक पौधरोपण के माध्यम से क्षेत्र को हराभरा बनाना रहा। उपस्थित सभी लोगों ने पौधों के संरक्षण और पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया।

---

### कार्यक्रम आयोजित कर लगभग 350 फलदार पौधे लगाए

# विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में फलदार पौधे लगाए, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश






हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 'एक पेड़ माँ के नाम' एवं "अमृत हरित अभियान 2.0" के अंतर्गत नगर परिषद एवं ट्रायडेंट ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में वार्ड क्रमांक 13 में विशाल पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत लगभग 350 फलदार पौधे लगाए गए इनमें सीताफल,आम, कटहल,जामुन एवं चीकू के पौधे प्रमुख रूप से शामिल हैं।

कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरियाली संवर्धन तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण का निर्माण करना है। इस कार्यक्रम का आयोजन पद्मश्री राजिंदर गुप्ता एवं सीएसआर प्रमुख मधु गुप्ता के मार्गदर्शन में एवं नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय के नेतृत्व में संपन्न हुआ जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया इस अवसर पर तहसीलदार ललित सोनी,मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष रघुवंशी,सब इंजीनियर अजीत तिवारी,ट्रायडेंट ग्रुप से नितिन मल्होत्रा, सतीश मिश्रा एवं अरविन्द गिरि,पार्षद जितेश चौहान, श्रीकांत शर्मा एवं प्रभात भदौरिया सहित नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी तथा फीडबैक फाउंडेशन चेरिटेबल ट्रस्ट की टीम उपस्थित रही।

पौधरोपण कार्यक्रम में ट्रायडेंट ग्रुप के अधिकारी एवं कर्मचारी,नगर परिषद के जनप्रतिनिधि, स्थानीय नागरिक, खिलाड़ी,युवा एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित बुधनी के निर्माण का संकल्प लिया इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि फलदार पौधों का रोपण पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पोषण एवं जैव विविधता को बढ़ावा देने का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। यदि प्रत्येक नागरिक एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प ले, तो क्षेत्र को हराभरा एवं पर्यावरणीय दृष्टि से समृद्ध बनाया जा सकता है। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण एवं पौधों के संरक्षण के संकल्प के साथ हुआ उपस्थित सभी नागरिकों ने "एक पौधा – एक जिम्मेदारी" तथा "हरित बुधनी,स्वच्छ बुधनी" का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया नगर परिषद, ट्रायडेंट ग्रुप एवं स्थानीय नागरिकों की सक्रिय सहभागिता से यह कार्यक्रम एक सफल जन-जागरूकता अभियान के रूप में संपन्न हुआ।

---

## राज्यसभा के लिए नामांकन भरने भोपाल पहुंचे राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ, भव्य अगवानी की

### भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा सहित भाजपा नेताओं ने किया स्वागत, सत्कार

**सीहोर।** मध्यप्रदेश के कोटे से राज्यसभा के लिए उम्मीदवार बनाए गए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ नामांकन दाखिल करने के लिए भोपाल पहुंचे। इस दौरान एयरपोर्ट पर उनकी भव्य अगवानी की गई। भारतीय जनता पार्टी सीहोर के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने भी पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया।



इस दौरान दोनों के बीच में कुछ चर्चाएं भी हुईं। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ का स्वागत करने के लिए भाजपा के नेता, कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में पहुंचे। ढोल एवं पुष्प वर्षा के साथ सभी ने उनको बधाई, शुभकामनाएं भी दीं। इस मौके पर शअरोरा ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन सहित प्रदेश नेतृत्व का आभार भी प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व ने सिख पंजाबी खत्री समाज से तरुण चुघ को मध्यप्रदेश के कोटे से राज्यसभा के लिए उम्मीदवार बनाया है। इस निर्णय से हम समाजजन गौरवान्वित भी हैं।